| जिला—राजसमन्द<br>उपलब्धियां |
|---|
| **चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग** |
| नाथद्वारा **उप जिला अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत** किया गया। |
| सारोठ एवं अजीतगढ़ (भीम) में **नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र** खोले गये। |
| नाथद्वारा में **शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र** खोला गया। |
| भीम के **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत** किये जाने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| शिशोदा कलां (नाथद्वारा), नेड़च, बनेडिया, कोठारिया (नाथद्वारा) एवं धनेरिया (नाथद्वारा) के **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किये जाने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| सेमल (देलवाड़ा), मदारिया (देवगढ़), गवारड़ी, उथारड़ा, उपली ओडन, गुंजोल (नाथद्वारा), कोशीवाड़ा (खमनोर) एवं सेखावास (भीम) में **उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्रमोन्नत** किये जाने की पदों सहित स्वीकृति जारी। |
| खुमानपुरा (खमनोर) में **उप स्वास्थ्य केन्द्र** खोला गया। |
| भीम में **मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केन्द्र** खोला गया। |
| नवसृजित पंचायत समिति **देलवाडा** में **ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय** स्थापित किया गया। |
| जिला चिकित्सालय नाथद्वारा में 67 करोड़ रुपये की **लागत से भवन निर्माण** करवाने हेतु डीएमएफटी से राशि स्वीकृत। |
| Mobile Testing Lab उपलब्ध कराये जाने हेतु क्रयादेश जारी। |
| जिला स्तर पर Food Safety and Drug Control Office की स्थापना की जायेगी। |
| **चिकित्सा शिक्षा विभाग** |
| राजसमन्द में **नर्सिंग महाविद्यालय** भवन निर्माण कार्य प्रगतिरत एवं शैक्षणिक सत्र वर्ष 2022—23 से प्रारंभ। |
| राजसमंद में राज्य के खर्चे से **मेडिकल कॉलेज** खोलने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। भूमि आवंटित। |
| **उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग** |
| भीम में **राजकीय कन्या महाविद्यालय** खोला गया। |
| कुंवारिया में **किरण माहेश्वरी राजकीय कन्या महाविद्यालय** खोला गया। |
| रेलमगरा एवं खमनोर (नाथद्वारा) में **नवीन राजकीय महाविद्यालय** खोले गये। |
| नाथद्वारा पी.जी. कॉलेज में **भूगोल विषय** व महिला कॉलेज में **अंग्रेजी साहित्य विषय** प्रारंभ किये गये। |
| राजकीय महाविद्यालय भीम में **साइंस एवं कॉमर्स संकाय** प्रारंभ किये गये। |
| राजकीय महिला महाविद्यालय देवगढ़ में **विज्ञान संकाय प्रारंभ** किये गये। |
| राजकीय महाविद्यालय, राजसमंद में विज्ञान संकाय प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |

| जिला–राजसमन्द<br>उपलब्धियां |
|---|
| राजसमंद के राजकीय सहशिक्षा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में Non-Engineering शाखा प्रारम्भ करने हेतु स्वीकृति जारी। |
| कन्या महाविद्यालय, राजसमंद के स्नातक महाविद्यालय को स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रमोन्नयन किया जायेगा। |
| विधि महाविद्यालय, भीम के स्नातक महाविद्यालय को स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रमोन्नयन किया जायेगा। |
| जिले में Online examination सुविधायुक्त Examination Centre बनाना प्रस्तावित। |
| **आयुर्वेद विभाग** |
| प्राकृतिक, योग एवं आयुर्वेद की गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से नाथद्वारा– राजसमंद में Medi-Tourism Wellness Centre का निर्माण कार्य प्रारंभ। |
| नाथद्वारा में **आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा का एकीकृत महाविद्यालय** खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| समस्त ब्लॉकों पर **होम्योपैथिक चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध** करवाये जाने हेतु पदों सहीत स्वीकृति जारी। |
| **विधि एवं विधिक कार्य विभाग** |
| रेलमगरा में **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला गया। |
| नाथद्वारा में **अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला गया। |
| राजसमंद में **विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण) न्यायालय** खोला गया। |
| बाल एवं यौन अपराधों के पीड़ितों एवं अन्य संवेदनशील गवाहों को सुरक्षित वातावरण में गवाही की सुविधा उपलब्ध करवाने की दृष्टि से जिले में Vulnerable Witness Deposition Centre की स्थापना हेतु स्वीकृति जारी। |
| नाथद्वारा में **विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (एनआई एक्ट प्रकरण) न्यायालय** खोला जायेगा। |
| रेलमगरा में **वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय** खोला जायेगा। |
| भीम में **अतिरिक्त जिला एवं सैशन न्यायालय** खोला जायेगा। |
| **ऊर्जा विभाग** |
| धार्मिक नगरी नाथद्वारा में **विद्युत लाइनों को भूमिगत करने का कार्य** पूर्ण। |
| नाथद्वारा में 132 केवी जीएसएस को **220 केवी जीएसएस में क्रमोन्नत** किये जाने हेतु प्रस्ताव स्वीकृत। भूमि आवंटित। |
| **स्वायत शासन विभाग** |
| राजसमन्द में **टाउन हॉल का निर्माण** कार्य प्रगतिरत। |
| देवगढ़ में Faecal Sludge Treatment Plants (FSTP) स्थापित किये जाने का कार्य प्रगतिरत। |
| नाथद्वारा में 100.72 करोड़ रूपये के जलप्रदाय कार्य प्रगतिरत तथा शहरी सौन्दर्यीकरण कार्यो हेतु डीपीआर एडीबी की परीक्षण प्रक्रिया में। |
| आमेट में Faecal Sludge Treatment Plants (FSTP) स्थापित किया जायेगा। |

| जिला–राजसमन्द<br>उपलब्धियां |
|---|
| सीवरेज एवं कचरे (Waste) की समस्या के समुचित निस्तारण के लिए राजसमंद में सीवरेज व अन्य कार्य करवाये जायेंगे। |
| भीम को **नगर पालिका** बनाया जायेगा। |
| **राजस्व विभाग** |
| नाथद्वारा में **सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट कार्यालय** खोला गया। |
| देलवाड़ा **उप तहसील को तहसील में क्रमोन्नत** किया गया। |
| बार (भीम) एवं दिवेर (भीम–देवगढ़) में **उप तहसील कार्यालय** खोले गये। |
| देवगढ़ (भीम) में **सैनिक कल्याण कार्यालय** खोले जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| **वन विभाग** |
| इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2022–23 में लगभग 2 करोड़ रुपये की लागत से **रूप नगर, झीलवाड़ा–राजसमंद** में वन क्षेत्र तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए **इको–टूरिज्म लव–कुश वाटिका** विकसित करने का कार्य प्रगतिरत। |
| इको–टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023–24 में भी **नाथद्वारा** में वन क्षेत्रों तथा समीप के क्षेत्र को सम्मिलित करते हुए 2 करोड़ रूपये की लागत से एक **लव–कुश वाटिका विकसित** करने का कार्य प्रगतिरत। |
| Rajasthan Greening and Rewilding Mission के तहत **लेपर्ड कजर्वेशन के लिए बालीसर तथा कुम्भलगढ़, रावली टाटगढ़ में कार्य** करवाये जायेंगे। |
| गणेश टेकड़ी एवं नाथद्वारा के आस–पास **वन क्षेत्रों का** 2 करोड़ रुपये की लागत से एवं बांदरिया मगरा–राजसमंद के आस–पास **वन क्षेत्र का** 1 करोड़ रुपये की लागत से **विकास कर** आम जनता के लिए खोले जायेंगे। |
| जिला मुख्यालय स्थित नगरीय निकायों में सुविधायुक्त सिटी पार्क बनाये जाने के साथ–साथ मौजूदा शहरी वन क्षेत्रों में सुधार व विकास हेतु विभिन्न कार्य करवाये जायेंगे। |
| **सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग** |
| **कुम्भलगढ़ अभ्यारण्य** के वन क्षेत्र में Wildlife Surveillance and Anti-Poaching System (WS & APS) को मजबूत करने के साथ–साथ कुम्भलगढ़ अभ्यारण्य– **राजसमंद**–उदयपुर–पाली एवं टॉडगढ़ रावली–अजमेर–राजसमंद–पाली आदि वन क्षेत्रों में भी इसका विस्तार किये जाने हेतु स्वीकृति प्राप्त। |
| **कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग** |
| खमनौर एवं भीम में **आईटीआई** की स्थापना हेतु भूमि आवंटित कर भवन निर्माण की स्वीकृति जारी। संचालन निकटवर्ती संस्थान में किया जा रहा है। संचालन हेतु पदों की स्वीकृति जारी। |
| जिला मुख्यालय पर संचालित ITIs में Solar Technician ट्रेड प्रारम्भ किये जाने हेतु घोषित व्यवसाय की 2 यूनिट खोलने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| ITI राजसमंद में **माईनिंग ट्रेड** शुरू किये जाने हेतु घोषित व्यवसाय की 2 यूनिट खोलने की प्रशासनिक स्वीकृति जारी। |
| नाथद्वारा एवं राजसमन्द जिला मुख्यालय पर एक ITI को **'सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस'** के रूप में विकसित किया जायेगा। |

| जिला–राजसमन्द<br>उपलब्धियां |
|---|
| **खेल एवं युवा मामले विभाग** |
| राजसमन्द में स्टेडियम का कार्य प्रगतिरत। |
| जिला स्टेडियम में Open Gym स्थापित किए जाने हेतु स्वीकृति जारी। निविदा आमंत्रित। |
| सरदारपुरा (नाथद्वारा) में **खेल स्टेडियम निर्माण** एवं विकास कार्य करवाये जायेंगे। |
| विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए जिला मुख्यालय पर 100 आवासीय क्षमता का **'विवेकानन्द यूथ हॉस्टल'** बनाया जायेगा। |
| सरदारपुरा (नाथद्वारा) में उच्च स्तरीय खेल सुविधायें विकसित करने के साथ–साथ **कुश्ती अकादमी एवं स्टेडियम निर्माण** हेतु 25 करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे। |
| **पर्यटन विभाग** |
| पर्यटन विकास हेतु राजसमन्द झील एवं कृष्णा सर्किल, नाथद्वारा पर्यटक स्थलों को चिन्हित के जन सुविधा संबंधी विकास कार्यों हेतु 3 करोड रुपये के कार्यादेश जारी। कृष्णा सर्किल, नाथद्वारा का कार्य प्रगतिरत। |
| हिन्दू तीर्थस्थलों **चारभुजा, नाथद्वारा** के धार्मिक पर्यटन सर्किट बनाये जाने के कार्य प्रगतिरत। |
| जलदेवी माताजी सांसेरा (नाथद्वारा) में **भवनों के स्थापत्य के संरक्षण व जीर्णोद्वार के साथ–साथ अन्य सुविधाओं का विस्तार** किये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| श्री चारभुजा मंदिर–राजसमंद में विभिन्न विकास कार्य करवाये जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** |
| मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह योजना के अंतर्गत जिले में 75 क्षमता के **पुनर्वास गृह** का चयनित संस्था के माध्यम से संचालन हेतु आदेश जारी। किराये के भवन में संचालित। भूमि आवंटित। निर्माण कार्य प्रगतिरत। |
| नाथद्वारा में अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास खोले जाने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। भूमि आवंटित। |
| जिला मुख्यालय पर 50 महिलाओं के लिए 'Indira Gandhi Working Women Hostel' बनाये जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| जिले में राजकीय मानसिक विमंदित, मूक, बधिर, नेत्रहीन श्रेणी के विशेष योग्यजन विद्यालय खोले जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| **स्कूल शिक्षा विभाग** |
| कोचिंग के अलावा अच्छे माहौल में अध्ययन की सुविधा हेतु जिला पुस्तकालय में **सावित्री बाई फूले वाचनालय** स्थापित किया गया। |
| नवसृजित पंचायत समिति देलवाडा में **ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी** कार्यालय स्थापित किया गया। |
| कुंठवा (खमनौर) में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय खोला जायेगा। |
| समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर सावित्री बाई फूले वाचनालय मय digital library स्थापित किये जायेंगे। |

| **जिला–राजसमन्द**<br>**उपलब्धियां** |
|---|
| **संस्कृत शिक्षा विभाग** |
| भोजा ठाकुर का बाड़िया (भीम) में **राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय** को **राजकीय प्रवेशिका विद्यालय** में क्रमोन्नत किया गया। |
| राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय छोगा का खेडा को **वरिष्ठ उपाध्याय स्तर** पर एवं राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय उरियों की भागल को **उच्च प्राथमिक स्तर** पर क्रमोन्नत किया गया। |
| राजसमंद में **वेद विद्यालय** खोला जाना प्रस्तावित हैं। |
| **गौपालन (डेयरी) विभाग** |
| दुग्ध उत्पादन को बढावा देने व उत्पादकों की विपणन की सहूलियत के लिए जिले में स्वतंत्र रूप से **नये दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ का गठन** किया गया। |
| जिले में 30 करोड़ रुपये की लागत से Milk Processing Plant की स्थापना के कार्य प्रगतिरत। |
| नाथद्वारा में **केटल फीड प्लांट्स** की स्थापना की जायेगी। |
| **कृषि एवं उद्यानिकी विभाग** |
| रेलमगरा में **कृषि उपज मण्डी** अधिसूचित। |
| राजस्थान बीज उत्पादन एवं वितरण मिशन के अन्तर्गत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में हाइब्रिड नेपियर घास (बहुवर्षीय चारा फसल) के Exhibitions लगाये जाने हेतु अनुमोदन प्राप्त। दिशा–निर्देश एवं जिलेवार लक्ष्य जारी। |
| देवगढ को **स्वतंत्र मंडी** बनायी जायेगी। |
| राजस्थान खाद्य प्रसंस्करण मिशन के तहत राजसमंद **मिनी फूड पार्क** स्थापित किये जाने हेतु भूमि आवंटित। |
| राजस्थान सूक्ष्म सिंचाई मिशन के अन्तर्गत जिले के over exploited भूजल ब्लॉक्स के क्षेत्र को सम्पूर्ण रूप से सूक्ष्म सिंचाई (Drip and Sprinkler) के तहत सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। |
| **पशुपालन विभाग** |
| प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय देवगढ़ (भीम) को **बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय** में क्रमोन्नत किया गया। |
| नाथद्वारा में **पशुपालक प्रशिक्षण संस्थान** खोला गया। |
| पशु आहार की गुणवत्ता जांच के लिए जिले में **Testing Lab** की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग** |
| पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए ऐतिहासिक स्थल ग्राम मोलेला (खमनोर) में टेराकोटा **शिल्पकला केन्द्र (शिल्पग्राम) विकसित** किया जायेगा। |
| **देवस्थान विभाग** |
| श्रीनाथजी (नाथद्वारा) का पेनोरमा/आधारभूत सुविधाओं का समग्र विकास किये जाने हेतु डीपीआर बनायी जायेगी। |
| **पर्यावरण विभाग** |
| राजसमन्द में **राजस्थान राज्य प्रदूषण मण्डल** का नया क्षेत्रीय कार्यालय खोला गया। |

| **जिला–राजसमन्द**<br>**उपलब्धियां** |
| --- |
| **गृह विभाग** |
| श्रीनाथ जी (नाथद्वारा) में **पुलिस थाना** खोला गया। |
| बार (भीम–देवगढ़) **पुलिस चौकी को थाने में क्रमोन्नत** किया गया। |
| श्रीनाथ जी मंदिर (नाथद्वारा) एवं कुम्भलगढ़ दुर्ग (केलवाड़ा) में **नवीन पुलिस चौकियां** खोली गयी। |
| जिला स्तर पर 24x7 काम करने हेतु विशेष तकनीकी योग्यता रखने वाली Quick Investigation Disposal Team गठित की गई। |
| जिला कारागृह में पुस्तकालय की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी। |
| **उद्योग विभाग** |
| राजसमंद में **रीको इकाई कार्यालय** खोला गया। |
| रेलमगरा उपखण्ड में **नवीन औद्योगिक क्षेत्र का विकास कार्य** प्रगतिरत, भूखण्ड आवंटन हेतु खोले गये। |
| भीम में **नवीन औद्योगिक क्षेत्र** की स्थापना हेतु स्वीकृति जारी। भूखण्ड आवंटन हेतु खोल दिये गये। |
| निवेशकों को facilitate करने के लिए राजसमंद में **रीको के कार्यालय भवन निर्माण** हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी। निविदा जारी। |
| ग्राम मुरडा (आमेट) **औद्योगिक क्षेत्र** की स्थापना हेतु भूमि आवंटित |
| नाथद्वारा में **नवीन औद्योगिक क्षेत्र** की स्थापना की जायेगी। |
| कुंभलगढ़ एवं देवगढ़ उपखण्डों में **औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना** की जायेगी। |
| **महिला एवं बाल विकास विभाग** |
| नवसृजित पंचायत समिति देलवाडा में **बाल विकास परियोजना कार्यालय** स्थापित किया गया। |
| **शांति एवं अहिंसा विभाग** |
| ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पंचायत/वार्ड स्तर पर महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। |
| **वित्त विभाग** |
| जिला मुख्यालय पर सप्ताह के सातों दिन पंजीयन कराने की सुविधा भी उपलब्ध। |
| **परिवहन विभाग** |
| जिला स्तर पर Road Safety Task Force गठन के आदेश जारी। |
| **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** |
| विज्ञान को Night Sky Astro Tourism के माध्यम से आम जन से जोड़ने एवं इसके प्रचार हेतु उच्च स्तरीय रिज्योल्यूशन के टेलिस्कोप स्थापित किये जायेंगे। |
| **जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग** |
| नाथद्वारा में **अधिशाषी अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) कार्यालय** खोले जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| देलवाड़ा में **सहायक अभियंता (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी) कार्यालय** खोले जाने हेतु स्वीकृति जारी। |

| जिला—राजसमन्द<br>उपलब्धियां |
|---|
| जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 133.48 करोड़ रुपये की लागत की क्षेत्रीय **जल प्रदाय योजना बाघेरी का नाका** के कार्य प्रगतिरत। |
| 31.57 करोड रुपये की लागत से पंचायत समिति राजसमंद एवं रेलमगरा के **ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संबंधी कार्य कराये जाने हेतु** स्वीकृति जारी। 13 ग्रामों के लिए कार्यादेश जारी। |
| **चम्बल—भीलवाड़ा पेयजल परियोजना** के अंतर्गत रामसमन्द की भीम व देवगढ़ तहसीलों के लिए जल जीवन मिशन के तहत लागत रुपये 1082.07 करोड़ की संशोधित स्वीकृति जारी। |
| जल जीवन मिशन के अंतर्गत जाखम बांध से उदयपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ एवं **राजसमंद** जिलों के 8 कस्बों व 1 हजार 473 गांवों के लगभग 3 लाख परिवारों हेतु 4 हजार 674 करोड़ रुपये व्यय कर घर—घर जल कनेक्शन उपलब्ध कराये जायेंगे। |
| **सार्वजनिक निर्माण विभाग** |
| 40 करोड़ रुपये की लागत से गोगुन्दा—तुला—मचिन्द—गांवगुड़ा—सांगठ राजसमन्द **क्षतिग्रस्त सड़क के नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार का कार्य** पूर्ण। |
| 32 करोड़ रुपये की लागत से राजसमंद जिले के केलवाड़ा—ओलादर चौराहा से भादसोड़ा वाया सापोल—मुण्डोल—राजनगर—रेलमगरा—कपासन—भादसोड़ा चौराहा (राजसमंद) **सडक के मेजर रिपेयर कार्य** पूर्ण। |
| 8.34 करोड़ रुपये लागत से 14 किलोमीटर की लम्बाई में केलवाड़ा से सायरा सड़क (कुम्भलगढ़, सायरा) सडक के मेजर रिपेयर कार्य पूर्ण। |
| 49 करोड रूपये की लागत से 61 किमी लम्बाई में **निम्न 3 महत्वपूर्ण क्षतिग्रस्त सड़कों के मेजर रिपेयर** एवं उन्नयन कार्य प्रगतिरतः—<br>नाथद्वारा—पाखण्ड वाया कोठारिया (नाथद्वारा)<br>कडिया—घोडाघाटी (नाथद्वारा)<br>मादडी—आमेट—देवगढ़—ताल—लसानी (भीम) |
| 21.60 करोड़ रुपये की लागत से राजसमंद जिले के गुंजोल से सायों का खेड़ा (खमनोर) **सडक के मेजर रिपेयर कार्य** प्रगतिरत। |
| 106.50 करोड़ रूपये की लागत से 86.10 किलामीटर लम्बाई में जिले की निम्न 5 महत्वपूर्ण **क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण, रिपेयर एवं उन्नयन कार्य** करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारीः—<br>भीम से कामलीघाट वाया टॉडगढ़—मण्डावर (36.5 किमी.) (भीम)<br>भीम—बदनोर (15 किमी.) (भीम)<br>नाथद्वारा— रेलमगरा (14 किमी.) (रेलमगरा)<br>पछमता से धनेरिया (22 किमी.) (रेलमगरा)<br>आमेट से कोशिथल (10 किमी.) (आमेट, कुम्भलगढ़) |
| 26 करोड़ रूपये की लागत से भीम क्षेत्र में विभिन्न **सड़कों का निर्माण** (58 किमी.) करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| 25 करोड़ रूपये की लागत से देवगढ़ शहर में बाईपास सड़क (11 किमी.) (भीम, राजसमंद) **के निर्माण एवं उन्नयन कार्य** करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |

| जिला–राजसमन्द<br>उपलब्धियां |
| --- |
| 13.50 करोड़ रुपये की लागत से 11.20 किमी. लम्बाई में लाल मादडी पासूनिया निचली ओडन–(नाथद्वारा) **सड़क के निर्माण एवं उन्नयन कार्य** करवाये जाने हेतु स्वीकृति जारी। |
| **जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग** |
| **कुसुम योजना** के तहत जनजातीय कृषकों को सोलर पम्प स्थापना हेतु कम्पोनेन्ट बी के तहत 10.85 लाख व्यय कर 48 कृषकों को सौर ऊर्जा संयत्रों से लाभान्वित किया गया। |
| **जल संसाधन विभाग** |
| 5 करोड रूपये की लागत से नंदसमन्द मध्यम सिंचाई परियोजना की दायीं मुख्य नहर, रेलमगरा माईनर एवं बनेड़िया माईनर का **जीर्णोद्धार कार्य** पूर्ण। |
| चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, **राजसमंद,** भीलवाड़ा, उदयपुर व डूंगरपुर जिलों में स्थित **सिंचाई परियोजनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार** के कार्यादेश जारी। |
| बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना (DRIP) के अंतर्गत **नन्दसमंद (नाथद्वारा)** के **जीर्णोद्धार संबंधी कार्य** करवाये जायेंगे। |
| राजसमंद बांध में **जल उपलब्धता अभिवृद्धि हेतु खारी फीडर की क्षमता संवर्द्धन का कार्य** 80 करोड़ रुपये की लागत से करवाया जायेगा। |